हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 4 मई 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 सारंगढ़ और बिलाईगढ़ क्षेत्र में 50 से अधिक ...


11 ब्लास्टिंग के दौरान उछला पत्थर पेट्रोल पंप पर ...



# जिले के चार शिक्षकों को मिला सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय सम्मान 2026

## सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले से सरोजनी, कल्पना, युगेश्वरी व अरुण का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ नई दिल्ली द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी भव्य उपस्थिति दर्ज कराते हुए 29 अप्रैल 2026 को राजधानी रायपुर के वृन्दावन हाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से लगभग 250 नवाचारी शिक्षकों उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिला से सरोजनी साहू प्राथमिक बरभाठा, कल्पना देवांगन मिडिल गिरसा, युगेश्वरी साहू मिडिल सिघींचुवां एवं अरुण कुमार देवांगन प्राथमिक ग्वाली से मोमेंटो, मेटल, प्रशस्ति पत्र के साथ मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किए गए। यह सम्मान शिक्षा, समाज सेवा एवं साहित्य के क्षेत्र में सृजनात्मक कार्य हेतु प्रदान किया गया। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लता एस मुल्लूर अपने कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा सांसद, अध्यक्षता मीनल चौबे, महापौर रायपुर द्वारा की गई।

कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा, सभापति संचार एवं सकर्म जिला पंचायत रायपुर, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सारिका एस गंगा, राष्ट्रीय महासचिव कल्पना बुतरेड्डी, अनुसूया देवी पी एस, भाग्यम्मा, सिधोज कविता, राजश्री ए सज्जेश्वर, प्रभावती एल, शांताबाई बिरादर की गरिमामयी सहभागिता रही। कार्यक्रम का संयोजन लोकेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया।



### राज्य इकाई के पदाधिकारियों ने ली शपथ

प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य इकाई के सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ है। कार्यक्रम में लोकेश कुमार वर्मा एवं भारती वर्मा द्वारा सावित्रीबाई फुले पर लिखित पुस्तक "प्रेरणा की ज्योति" एवं संतोषी डनसेना के बाल काव्य संग्रह अनुभव के अंकुर का विमोचन किया गया। इसके साथ प्रदेश के सभी जिलों से आए सक्रिय एवं नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मंचस्थ अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर पर महिला शिक्षकों की शक्ति, एकता और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाला एक भव्य मंच है।

## खबर संक्षेप

### बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ

**खरोरा।** ब्रह्माकुमारी संस्था के खरोरा में स्थित प्रभु उपहार भवन में प्रेरणा कार्यक्रम के अंतर्गत बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन 3 मई से किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर के बच्चों के साथ में आस पास के गांवों के बच्चों को भी इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए, क्योंकि इस तरह के समर कैंप में योग के साथ अनेक प्रकार की एक्टिविटी कराई जाती है, जो कि छात्र छात्राओं के लिए लाभदायक है। पूर्व सरपंच मांठ एवं जनपद पंचायत तिल्दा के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है, एकाग्रता की शक्ति से वे पढ़ाई-लिखाई में बेहतर कर पाते हैं। संस्था की संचालिका ब्र कु. उमा दीदी ने बच्चों ▸▸ शेष पेज 11 पर

# हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**नगर में चाकू से वार करते हुए गुपचुप ठेला लगाने वाले की हत्या का मामला**

## द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश रात्रे ने सुनाया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

गुपचुप ठेला लगाने वाले की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्यारों पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार प्रार्थी मृतक के पिता बनवारी साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि 20.09.2024 को रात्रि 8 बजे लगभग नगर में गुपचुप का ठेला लगाने वाला उनका पुत्र विजय साहू घरेलू सामान लेने के लिए निकाला था। इसी बीच अहिल्दा मोड़ के पास आरोपी स्कूटी वाहन से वहां पर आए एवं पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से ताबड़तोड़ वार किया। इलाज के दौरान जय साहू की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना लवन में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 389/2024 धारा 109 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना लवन पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए, जांच क्रम में अन्य आवश्यक धाराओं का समावेश कर, उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार संजया रात्रे ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपियों द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में शामिल 3 आरोपी चंद्रशेखर उर्फ शेखर एवं देवेंद्र साहू को बीएनएस की धारा 61 (2) (क), 111(5), 238(क) (ख),249(क)(ख) बीएनएस में आजीवन कारावास की सजा एवं जुर्माना तथा राहुल साहू को बीएनएस की धारा 103(1), 61(2)(क), 238(क) (ख) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

प्रकरण की संपूर्ण विवेचना एवं जांच कार्रवाई थाना लवन से तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह द्वारा की गई थी। शासन की ओर से मामले की पैरवी अमिय अग्रवाल विशेष अपर लोक अभियोजक द्वारा किया गया है।



### इनको मिली सजा

1. देवेंद्र साहू उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 शंकर मंदिर के पास तनौद थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा
2. राहुल साहू उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01 लवन थाना लवन
3. चंद्रशेखर साहू उर्फ शेखर उम्र 20 वर्ष लवन थाना लवन

# टूटी नाली में फंसा चार पहिया वाहन, हाइड्रा से निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार





जिला मुख्यालय के भाजपा जिला कार्यालय एवं विनय बुक मॉल के सामने सड़क मध्य स्थित टूटी हुई नाली एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। रविवार को एक चार पहिया वाहन नाली में फंस गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद हाइड्रो मोबाइल क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया।

- स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कराने की मांग उठाई

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन में छोटे बच्चे भी बैठे हुए थे, जो घटना के दौरान परेशान नजर आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त टूटी हुई नाली लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बनी हुई है। आए दिन यहां चार पहिया वाहन, मोटरसाइकिल एवं साइकिल चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद अब तक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। क्षेत्रवासियों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से टूटी नाली की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# चक्रवाय में भूस्खलन, विधायक इन्द्र साव ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चक्रवाय में हुए भूस्खलन की गंभीर स्थिति का जायजा लेने आज विधायक इन्द्र साव मौके पर पहुंचे। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी भूस्खलित स्थल पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि घटना के पहले दिन गड्ढा छोटा था, लेकिन अब वह विशालकाय रूप ले चुका है। सरपंच द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सूचना देने के बावजूद किसी वरिष्ठ अधिकारी के मौके पर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों का आरोप था कि केवल पटवारी को भेजकर अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। मौके पर विधायक साव ने तत्काल अनुविभागीय अधिकारी से मोबाइल पर चर्चा ▸▸ शेष पेज 11 पर

- प्रशासनिक लापरवाही पर जताई नाराजगी

# सोलर पावर प्लांट में चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



ग्राम केसडबरी सोलर पावर प्लांट से 4. 50 लाख का इनवर्टर केबल वायर एवं सोलर पैनल चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। चोर से 20 हजार का केबल व चोरी में प्रयुक्त हथियार को भी बरामद किया गया है।

- अन्य फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस
- 4 .50 लाख की चोरी में से 20 हजार का केबल बरामद

पुलिस के अनुसार प्रार्थी गुलबेद खान निवासी राधा विहार कॉलोनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि 6 माह से ग्राम केसडबरी में सोलर पावर प्लांट में निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें से एक मई को 1 इनवर्टर का केबल एवं सोलर पैनल एवं 2 मई की रात्रि 4 इनवर्टर के केबल को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया ▸▸ शेष पेज 11 पर

### सुरक्षा गार्ड्स ने किया सहयोग

सोलर पावर प्लांट की सुरक्षा में लगे सुरक्षा गार्ड्स के सहयोग एवं सतर्कता से चोरी करने वाले आरोपी संतोष देवार विश्वकर्मा को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्लांट में चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी से चोरी का 20 हजार कीमत मूल्य का केबल वायर तथा घटना में प्रयुक्त औजार जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी संतोष देवार विश्वकर्मा उम्र 45 साल निवासी डबरी पारा रसेडा थाना सिटी कोतवाली मूल निवासी ग्राम गिधपुरी थाना गिधपुरी को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

**नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक शर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक**

# प्रभावी पुलिसिंग से अवैध गतिविधियों को रोकें और जनशिकायतों का करें त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने रविवार को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेकरपुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, कारगर एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया।

- सभी प्रभारी स्वयं फील्ड पर निकलें और प्रभावी कार्रवाई करें सुनिश्चित

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम उपस्थित अधिकारियों एवं थाना-चौकी प्रभारियों का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने विजिबल पुलिसिंग को बढ़ावा देने तथा जनता के बीच पुलिस की सकारात्मक एवं मजबूत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ▸▸ शेष पेज 11 पर



### शिकायतों व आवेदनों का त्वरित निराकरण करें

इसके अलावा सड़क दुर्घटना, धरना-प्रदर्शन या अन्य कानून व्यवस्था से जुड़ी घटनाओं की सूचना मिलने पर संबंधित थाना एवं चौकी का पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जन समस्या निवारण शिविरों में पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### ओवरलोड वाहनों पर करें कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने, विशेषकर रेत परिवहन में लगे ओवरलोड हाईवा वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना अथवा अपराध के मामले में घटनास्थल को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे मामलों में पुलिस बल को तत्काल घटनास्थल पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करने तथा प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा मुख्य लक्ष्य : सांसद लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

## तिल्दा में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का ऐतिहासिक स्वागत





भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का रविवार को तिल्दा आगमन ऐतिहासिक और उत्सवमय माहौल में हुआ। नगर द्वार पर पारंपरिक गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और जोश से भरे स्वागत ने पूरे शहर को राजनीतिक ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उनका अभिनंदन किया, जिससे पूरा तिल्दा मानो उत्सव नगरी में तब्दील हो गया। सिंधी कैम्प पहुंचते ही आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। यहां से उनका काफिला और विशाल हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होते चले गए। तिल्दा ब्लॉक के तरशिव से निकली बाइक रैली ने पूरे मार्ग को जनसमर्थन की झलक से भर दिया। खुली जीप में सवार सांसद का काफिला शहर में प्रवेश करते ही आकर्षण का केंद्र बन गया। इस दौरान भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग एवं भाजपा नेत्री अदिति बघमार सहित कई वरिष्ठ नेता साथ मौजूद रहे। नगर द्वार से लेकर विभिन्न चौक-चौराहों तक स्वागत का सिलसिला लगातार जारी रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह इस कदर था।

### कार्यकर्ताओं के लिए मिसाल है यह सफर

इस अवसर पर भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां समर्पण और मेहनत का सम्मान होता है। उन्होंने लक्ष्मी वर्मा के राजनीतिक सफर को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि एक पार्षद से राज्यसभा सांसद तक का उनका सफर कार्यकर्ताओं के लिए मिसाल है। कार्यक्रम को प्रमोद शर्मा ने भी संबोधित किया, जबकि संचालन दीपक शर्मा ने किया। मंच पर अदिति बघमार, राम पंजवानी, स्वाती वर्मा सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।रैली और सभा में दीपक शर्मा, द्वारिका वर्मा, नेम सिंह बघमार, अनुपम अग्रवाल, वीरेंद्र वर्मा, राजेश बंछोर, नरसिंह वर्मा, अंकुर बघमार, लक्ष्मीचंद नागवानी, कृष्ण शर्मा, अनुशर्मा, रानी सौरभ जैन, चंद्रकांत पाटील, यशवंत वर्मा, नायक संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा

**मैं इस क्षेत्र की बेटी हूं, यह पद सेवा का माध्यम है:** गांधी चौक में रैली का समापन एक विशाल जनसभा में हुआ, जहां सांसद लक्ष्मी वर्मा का भावपूर्ण स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने आत्मीयता और विनम्रता के "आपने जो अपनापन दिया है, उसे जीवनभर नहीं भूलूंगी। यह सम्मान मुझे और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देता है।साथ कहा की "मैं इस क्षेत्र की बेटी हूं। आप सभी ने जो प्यार, सम्मान और स्नेह दिया है, वह मेरे लिए सौभाग्य के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं इस पद को सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम मानती हूं। उन्होंने आगे कहा कि उनका राजनीति में यह मुकाम जनता और कार्यकर्ताओं के विश्वास का परिणाम है। मैं कोई बड़ी नहीं बनी हूं, बल्कि आप सभी के आशीर्वाद से इस जिम्मेदारी तक पहुंची हूं। मैं हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ी रहूंगी और क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दूंगी। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और समाज के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि तिल्दा-नेवरा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए वे तत्पर रहेंगी।

## खबर संक्षेप

### मजदूर दिवस पर श्रमिकों को बांटे सकोरे, छाछ और गमछे

**रायपुर।** 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के अवसर पर छत्तीसगढ़ पंजाबी समाज द्वारा तेलीबांधा मरीन ड्राइव में शुक्रवार को भीषण गर्मी में कार्य कर रहे श्रमिक भाई-बहनों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष अलका मोदी एवं उनकी टीम के नेतृत्व में सुबह मरीन ड्राइव क्षेत्र में जुटे सैकड़ों श्रमिकों को चिलचिलाती धूप से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। बढ़ते तापमान और 'लू' के प्रकोप को देखते हुए समाज द्वारा कई व्यवस्थाएं की गईं। जिसमें शीतल छाछ का वितरण, पक्षियों और स्वयं के उपयोग के लिए पारंपरिक मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। सिर को सीधी धूप से बचाने के लिए सभी मजदूरों को सूती गमछे भेंट किए गए। कार्यक्रम में अलका मोदी के साथ उनकी पूरी टीम और सीपीएसएस के अध्यक्ष सतिंदर कोहली, कोषाध्यक्ष विकास मोदी, यूथ विंग के अध्यक्ष विवेक साहनी, सचिव अमित वर्मा व अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार भाजपा सरकार का दिखावा, जनता के साथ धोखा : कांग्रेस

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने भाजपा सरकार की सुशासन त्योहार पर कहा, प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार द्वारा मनाया जा रहा तथाकथित "सुशासन तिहार" दरअसल जनता को गुमराह करने का एक सुनियोजित राजनीतिक प्रपंच है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में लाखों की संख्या में आम जनता ने अपनी समस्याएं सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, आवास, रोजगार एवं विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़ी मांगों को लेकर आवेदन दिए थे। भाजपा सरकार ने उन आवेदनों को न केवल नजरअंदाज किया, बल्कि उन्हें रद्दी की टोकरी में डालकर जनता की भावनाओं का घोर अपमान किया। उन्होंने कहा कि आज भी रायपुर ग्रामीण सहित पूरे प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।

## नतीजे : कक्षा दसवीं में कुल 82 विद्यार्थी में 28 प्रथम श्रेणी, 30 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में

# आत्मानंद स्कूल की त्रिवेणी ने जिला प्रावीण्य सूची में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में कुल 82 विद्यार्थी में प्रथम श्रेणी से 28 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 30 विद्यार्थी तथा तृतीय श्रेणी में 02 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान टेकेश्वरी साहू 84.67%, तथा द्वितीय स्थान भावना साहू 83.00% तथा तृतीय स्थान पर निकीता सोनी 81.83% रही। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा में कुल विद्यार्थी 182 है जिसमें प्रथम श्रेणी 79 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 73 विद्यार्थी तथा तृतीय श्रेणी में कुल 02 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान त्रिवेणी यदु 93.60% तथा द्वितीय स्थान जागृति 91.00% तथा तृतीय स्थान पर खिलेन्द्र कुमार साहू 87.60% रहे। इस प्रकार से कक्षा दसवीं में कुल परीक्षा परिणाम 74.07 रहा तथा कक्षा बारहवीं में कुल परीक्षा परिणाम 85.08 रहा। विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम के सफलता पर जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव शाला विकास समिति अध्यक्ष चित्ररेखा साहू, शिक्षाविद् गंगाप्रसाद यदु, प्रेमचंद वर्मा, सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, सचिव राजेश साहू, शाला के प्राचार्य अवधेश वर्मा, विमला सोनकर, अर्जुन कश्यप, मुकेश वर्मा, जसवंत वर्मा, राकेश वर्मा, रवि सोनी, अजय, तरुण वर्मा, प्रमोद जोशी एवं समस्त स्टॉफ ने शुभकामनाएँ प्रेषित की। वही त्रिवेणी यदु के जिला प्राविण्य सूची में स्थान बनाने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।




### लवन के भैया-बहनों ने किया स्कूल नाम रौशन



**लवन।** नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा 12 वीं के भैया देवचरण वर्मा ने 92 .6 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही गणित संकाय से भैया मुकेश कुमार धृतलहरे ने 88 % लाकर शाला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवी में बहन साक्षी कुर्रे ने 94% लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। कक्षा 12वी में 22 भैया बहनों प्रथम स्थान प्राप्त किये। वहीं कक्षा 10वीं में 30 भैया। बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया ,विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नरसिंग वर्मा सचिव गिरधारी लाल वर्मा, पारस ताम्रकार रोशन मानिकपुरी, समस्त समिति सदस्य सदस्य एवं विद्यालय के प्राचार्य कमलेश वर्मा एवं विद्यालय परिवार ने सभी भैया बहनो को शील्ड देकर सम्मान किया और उज्जवल भविष्य कामना किया।

### खगेश्वरी ने 10वीं में बिना कोचिंग हासिल किए 93% अंक






**मुंडा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल चिरपोटा, विकासखंड बलौदाबाजार की होनहार छात्रा मुंडा का रहने वाली खगेश्वरी वर्मा ने 93% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं मुंडा का नाम रोशन किया है।सीमित संसाधन एवं आर्थिक तंगी के बावजूद, निरंतर कड़ी मेहनत से छात्रा ने बिना कोचिंग के मुकाम हासिल किया है।इस सफलता का श्रेय अपनी माता - पिता एवं गुरुजनों को दी हैं।इसी प्रकार विद्यालय के अन्य विद्यार्थी वंश वर्मा 91%, धनंजय वर्मा 88.6%, तमन्ना सेन 88.3%, मुक्तिप्रभा वर्मा 84.8% ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किए हैं। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार सोनवानी एवं शिक्षकगण कृष्ण कुमार वर्मा, जीवन लाल रजक, कृष्णा पाण्डेय, प्रकाश कुमार पटेल, ऋचा तिवारी, दिलेश कुमार फ़ेकर व सफाई कर्मचारी वेद प्रकाश वर्मा तथा ग्राम पंचायत चिरपोटा के सरपंच सुशीला बंजारे, सरपंच प्रतिनिधि डॉ.प्रदीप बंजारे, उपसरपंच पूरन लाल वर्मा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बेला राम वर्मा तथा सदस्य गण चैतराम वर्मा, जीवराखन

### गुमा स्कूल के दीपेश और टूकेश्वरी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान




**भरुवाडीह/सैहा/गुमा।** दाऊ खुमान सिंह वर्मा शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय गुमा विकासखंड पलारी जिला बलौदाबाजार मे कक्षा बारहवीं मे दीपेश साहू पिता शिवकुमार साहू ने 91.4% एवं कक्षा दसवीं मे टूकेश्वरी पिता रामकुमार यदु 88.1%के साथ विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने गाँव का नाम रोशन किया । इस गौरवशाली अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों में अनूप साहू, सहित भोजराम वर्मा (शिक्षक), गोपाल साहू, गोलू लहरी, सियाराम ध्रुव (शिक्षक ) रोमनाथ वर्मा, लोकु यादव, मुनीष वर्मा, ब्यस्थापक परस साहू,डॉ. कमल नारायण मड़रिया, कृष्णानंद वर्मा, मुकेश साहू, नारायण साहू, तुलेश्वर वर्मा, प्रेम साहू, पुर्व सरपंचद्वय कमलेश साहू, सिरोजनी मनी मांडले, स योमेश साहू एवं मित्रगणों ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मेधावी समीक्षा ने सीबीएसई 10वीं में हासिल किए 98% अंक



**बलौदाबाजार।** सोनाडीह स्थित डीएव्ही स्कूल की सीबीएससी 10 बोर्ड परीक्षा में कुमारी समीक्षा वर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के अलावा जिले को गौरान्वित किया है। इन्होन इसका श्रेय अपने माता पिता को दिया हैं। समीक्षा वर्मा आगे चलकर इंजीनियरिंग के साथ भारती प्रशासनिक सेवा क्षेत्र में जाना चाहती है। इनके पिता उमा कुमार वर्मा भुटान में आर्मी में पदस्थ है। जबकि माता माधुरी वर्मा एलएलबी शिक्षा प्राप्त की है जो कि गृहणी के साथ साथ सिलाई व ब्यूटी पार्लर का संचालन करती है। छात्रा समीक्षा वर्मा ने बताया कि कही कोंचिंग न कर स्वयं अथक प्रयास के साथ अध्ययन मे लगी रहती है। मुझे मार्गदर्शन अपनी माता से भी प्राप्त होती है। इन्होने कहा कि कोई भी छात्र अगर लगन से पढाई करें तो निश्चित ही अपने ऊंचाईओं को छू सकती है। इन्होने मोबाईल से दूर होकर पढाई के क्षेत्र में विद्यार्थियों को ध्यान देने की बात कही। उल्लेखनीय है कि समीक्षा वर्मा गणीत में 100 अंक, संस्कृत में 100 अंक, समाज शास्त्र में 100 अंक प्राप्त की है। वहीं साइंस में 97 प्रतिशत एवं अंग्रेजी में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त की। इनके इस उपलब्धी के लिए जिला पंचायत रायपुर के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व डायरेक्टर व कांग्रेस नेता परमेश्वर यदु, महिला कांग्रेस के शहर ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य ललिता यदु, भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बधाई दी है।

# आठवें वेतन आयोग की अनुशंसाएं राज्य में भी लागू हों : शिक्षक फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने आठवें वेतन आयोग की अनुशंसाओं को राज्य कर्मचारियों पर भी लागू करने की मांग उठाई है। फेडरेशन ने कहा है कि केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारियों के लिए महंगाई की स्थिति समान होने के कारण वेतन, भत्तों एवं पेंशन लाभों में भी समानता होनी चाहिए।

फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने बताया कि नवंबर 2025 में गठित आठवें वेतन आयोग की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश रंजना प्रसाद देसाई कर रही हैं। आयोग की अनुशंसाएं 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है, जिससे केंद्रीय कर्मचारियों के साथ राज्य कर्मचारियों को भी काफी अपेक्षाएं हैं। फेडरेशन ने ई-मेल के माध्यम से आयोग को विभिन्न सुझाव भेजे हैं। इसमें सातवें वेतनमान में 2.57 रहे फिटमेंट फैक्टर को बढ़ाकर 3.68 अथवा 3.83 करने का प्रस्ताव रखा गया है। फेडरेशन का दावा है कि इसे स्वीकार किए जाने पर न्यूनतम मूल वेतन 18 हजार से बढ़कर लगभग 69 हजार प्रतिमाह हो सकता है। फेडरेशन ने शासकीय विभागों में उच्च पदों पर संविदा नियुक्तियों के बजाय पदोन्नति अथवा सीधी भर्ती से नियुक्ति करने का सुझाव भी दिया है। इसके अलावा जनवरी 2026 से लागू 60 प्रतिशत महंगाई भत्ते में से 50 प्रतिशत को मूल वेतन में विलय कर नए वेतन का निर्धारण करने की मांग की गई है। फेडरेशन ने अंतरिम राहत की घोषणा, वेतन एरियर भुगतान की स्पष्ट व्यवस्था तथा वार्षिक वेतन वृद्धि को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत करने का सुझाव भी दिया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अविनाश तिवारी, तहसील अध्यक्ष बेनीराम साहू एवं विकासखंड अध्यक्ष अरुण साहू ने भी कर्मचारियों के हित में वेतन एवं पेंशन सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

### पुरानी पेंशन योजना की जाए लागू

इसके साथ ही नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, न्यूनतम पेंशन में सम्मानजनक वृद्धि, गृहभाड़ा भत्ता बढ़ाने, कार्यालय कार्यों के डिजिटलीकरण हेतु 2 हजार मासिक इंटरनेट भत्ता देने, सेवाकाल में न्यूनतम तीन पदोन्नति सुनिश्चित करने तथा सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की मांग भी की गई है। फेडरेशन ने ग्रेच्युटी सीमा को बढ़ाकर 50 लाख करने तथा केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों को राज्य सरकार द्वारा भी अपने कर्मचारियों पर लागू करने का आग्रह किया है।

## संडी बंगला में भीषण गर्मी से राहत पाने नहर में कूदकर मस्ती करते दिखे बच्चे



**संडी बंगला ।** संडी बंगला क्षेत्र में रविवार की सुबह भीषण गर्मी के बीच बच्चों ने राहत पाने का अनोखा तरीका अपनाया। तेज धूप और बढ़ते तापमान से बचने के लिए बच्चे नहर के ठंडे पानी में उतरकर जमकर मस्ती करते नजर आए। नहर के किनारे और पुल के पास बच्चों की खासी भीड़ देखने को मिली। कुछ बच्चे पानी में तैरते और खेलते रहे, वहीं कई बच्चे पुल से छलांग लगाकर गर्मी का मजा लेते दिखाई दिए। इस दौरान आसपास के ग्रामीण भी मौजूद रहे और बच्चों की मस्ती का आनंद लेते रहे।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल कसडोल की बैठक

# संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



ग्राम दर्रा में आज भारतीय जनता पार्टी मंडल कसडोल की आवश्यक मासिक बैठक आयोजित की गई। मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी के नेतृत्व में हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं वंदन के साथ किया गया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र एवं संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

बैठक में संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मंडल स्तर पर चल रहे संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। विशेष रूप से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सभी मोर्चों के नवनियुक्त अध्यक्षों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक विस्तार देगें। अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएं। मोर्चों के विस्तार, कार्य विभाजन एवं आगामी गतिविधियों के सफल संचालन हेतु विस्तृत योजना भी तैयार की गई। बैठक में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने बूथ प्रबंधन को सशक्त बनाने एवं कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष चर्चा हुई। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। आगामी छत्तीसगढ़ सरकार कि महत्वपूर्ण कार्यक्रम सुशासन तिहार के बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया।

### ये पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस मौके पर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप दास मानिकपुरी, महिला मोर्चा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शीला वर्मा, आज के बैठक मे मंडल पदाधिकारी एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्त्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष सुदीपदास मानिकपुरी, जिला प्रतिनिधित्व महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शीला वर्मा, पार्षद भानु साहू, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के रविकांत बंजारे, युवा मोर्चा से शनि यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा से धर्मेंद्र पैंकरा, मीडिया प्रभारी गुनीराम साहू, कार्यालय प्रभारी गोपाल साहू, मंडल अध्यक्ष निर्मला साहू, महिला मोर्चा के मंडल मंत्री अनुराधा साहू, ममता कर्ष, पूर्व मंडल मंत्री ललिता यादव, अजय श्रीवास, अभिजीत श्रीवास, खंभन लाल वर्मा, रवि कैवर्त्य और भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या उपस्थित हुए थे ।

# भगवान के दर्शन से मिट जाते हैं दुख-दोष : स्वामी सुखानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की ओर से श्रीरामकृष्ण मंदिर में शनिवार से रामायण कथा का आयोजन कया गया। इस अवसर पर केंवट प्रसंग पर प्रवचन देते हुए रामकृष्ण मठ, भुज, गुजरात के अध्यक्ष स्वामी सुखानंद महाराज ने कहा कि आज बुद्ध-पूर्णिमा है, यह त्रिधन्य दिवस है और आज ही विश्वविख्यात रामकृष्ण मिशन का स्थापना दिवस है, ऐसे पावन दिवस पर श्रीराम कथा श्रवण करना बड़े सौभाग्य की बात है। राजा दशरथ अपने कान के पास एक पका बाल देखकर चिंतित हो गए और श्रीराम को अयोध्या का राज्य देने को तत्पर हो गए, किंतु आज हम लोगों के सबके बाल कितने पक गए हैं, फिर भी हम कुछ नहीं सोचते, केंवट भगवान श्रीराम से कहता है कि प्रभु मैं आपके मर्म को जानता हूँ, यदि आपको नदी के पार जाना है, तो पहले अपना चरण धोने के लिए मुझे कहिए। भगवान श्रीराम कहते हैं कि जो मेरी भक्ति करता है, मैं उससे प्रसन्न रहता हूँ। यद्यपि लक्ष्मण जी और सीताजी ने श्रीराम की बात न मानकर साथ में वन गए, आज्ञा की अवहेलना की फिर भी भगवान उन पर प्रसन्न रहते हैं। गंगा पार कर नाव से उतर कर केंवट ने भगवान को दण्डवत प्रणाम किया। जब भगवान श्रीराम ने उसे कुछ देना चाहा, तो उसने कहा कि प्रभु आज मुझे सब कुछ मिल गया। हे प्रभु, मेरे सभी दोष, दुख दरिद्र मिट गए, भगवान का नाम लेने से काम, क्रोध आदि नियंत्रण में रहते हैं और भगवान के दर्शन से हमेशा के लिए काम, क्रोध, दोष आदि नष्ट हो जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## सर्वसम्मति से संदीप बने जैन समाज के अध्यक्ष

**बलौदाबाजार।** रविवार को संपन्न हुई नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त होने पर संदीप जैन को सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए जैन समाज का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार शाम 7 बजे तक नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई।



निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु केवल संदीप जैन ने नामांकन दाखिल किया, जिसके चलते निर्वाचन प्रक्रिया के तहत उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को औपचारिक रूप से पदभार सौंपने के लिए सोमवार 4 मई को रात्रि 8:30 बजे मंदिर जी में समाज की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में समाज के वरिष्ठजन एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे। निर्वाचन अधिकारी रमेश जैन तथा जितेंद्र जैन ने समाज के सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## ग्रापं डेराडीह में लगेगा सुशासन तिहार समाधान शिविर आज




**सेल।** ग्राम पंचायत डेराडीह में सुशासन तिहार के अंतर्गत 4 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस विशेष शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं शिकायतों एवं आवश्यक कार्यों का समाधान किया जाएगा। ग्राम पंचायत डेराडीह के सरपंच प्रतिनिधि चंद्रभान साहू ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीण जन अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिनका त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत डेराडीह के समस्त ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं तथा शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। सुशासन तिहार समाधान शिविर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया।

**निधन**

## रविशंकर साहू

**गिधौरी।** ग्राम हसुवा निवासी 52 वर्षीय रविशंकर साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजनों एवं ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। वे शिवशंकर साहू के भाई व मोतीलाल साहू के पिता तथा सदानंद साहू के चाचा थे।



# मोपर, ससहा, डेराडीह एवं पलारी में समाधान शिविर आज

**3 ग्रामीण शिविर में 56 ग्राम पंचायतें एवं एक शहरी शिविर में 8 वार्ड होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क्री उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार 4 मई को ग्रामीण क्षेत्रों में 3 स्थान पर एवं एक नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन होग़ा। शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होग़ा । शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा। शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूपा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होग़ा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,विद्यत विभाग,शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग,खाद्य विभाग,स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग,कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,उद्योग विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,जल संसाधन विभाग,वन विभाग,समाज कल्याण विभाग,खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे।

### विकासखंड कसडोल

विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत डेराडीह शिविर में अमोदी, वैजनाथ, भदरा, छेछर, दर्रा (म) गिरौद, झबडी, कटगी, खैरा (क), कोट (रा), मडकडा, मडवा, मल्दा, मानाकोनी, मुडपार (म), साबर, सर्वा, सरवानी, सेल,डेराडीह एवं सिनोधा शामिल है।

### सुशासन तिहार 2026 : दूसरे दिन 4 स्थानों पर शिविर

### नगर पंचायत पलारी

नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पंचायत पलारी के ठाकुर देव चौक में शिविर आयोजित होग़ा जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से 8 शामिल होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क्री बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### विकासखंड भाटापारा

विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत मोपर में शिविर आयोजित होग़ा। जिसमें ग्राम पंचायत टोनाटार, मल्दी, अमलीडीह, हसदा, खम्हरिया, नवागांव, टोपा,मोपर देवरानी,अमेठी, गोढ़ी (टी ),मीरगी, खैरी (आर ),तुरमा एवं गुर्रा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसीतर विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत ससहा शिविर में सुन्दरी (स), गबौद, कोदवा, सकरी (स), फुण्डरडीह, रेगाडीह, मुसुवाडी, साराडीह, छेरकाडीह (स), खपरी (स), परसवानी, गाड़ाभांठा, जारा, सरसेनी, चुचरूंगपुर, गुमा, टीला, संकरी (प) ससहा एवं देवसुन्द्रा शामिल हैं।

**लापरवाही : आए दिन हो रही हैं इस प्रकार की दुर्घटनाएं**

# ब्लास्टिंग के दौरान उछला पत्थर पेट्रोल पंप पर खड़े युवक को लगा, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम रवान स्थित सीमेंट संयंत्र में ब्लास्टिंग को लेकर बीते कई वर्षों से लोग परेशान हैं। शनिवार दोपहर संयंत्र की खदान में ब्लास्टिंग के दौरान लापरवाही के चलते ब्लास्टिंग के दौरान उछला पत्थर खदान के पास स्थित पेट्रोल पंप पर खड़े युवक के चेहरे पर टकराया जो चेहरे को चीरता हुए जबड़ा तक को तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत व्याप्त है। वहीं घायल युवक का बलौदाबाजार पुलिस स्टेशन के समीप स्थिति एक निजी हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा है। गौरतलब है कि शुक्रवार को ही कलेक्टर के निर्देश पर जिले में स्थित सभी सीमेंट प्लांट एवं अन्य बड़े उद्योगो में सेफ्टी ड्रिल का आयोजन किया गया था। सेफ्टी ड्रिल के दूसरे ही दिन हुई दुर्घटना ने इस प्रकार के आयोजनों पर प्रश्न चिन्ह लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 मई को दोपहर लगभग 3 बजे से 4 बजे के बीच सीमेंट प्लांट के 18 मीटर साउथ माइंस के ब्लास्टिंग क्षेत्र के पास स्थित कुकुरदी पेट्रोल पंप में एक युवक पेट्रोल भरवा रहा था। इसी दौरान अचानक तेज धमाके के बाद माइंस से उड़कर आया एक बड़ा पत्थर सीधे उसके चेहरे पर जा लगा। घटना में चुकुराम गायकवाड़ निवासी मुड़ियाडीह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पत्थर के तेज प्रहार से उनके गाल में कई जगह छेद हो गया और जबड़ा बुरी तरह टूट गया तथा वह लहुलुहान हो गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चुकुराम को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका ईलाज जारी है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी रखे हुए है।

### खदान अधिनियम 1952 के नियमों के उल्लंघनः त्रिवेदी

उक्त मामले की शिकायत को लेकर शैलेश नितिन त्रिवेदी ने रविवार को थाना सिटी कोतवाली में आवेदन दिया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया गया। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराकर दबाव बनाया गया कि वह पुलिस या अन्य स्थान पर शिकायत न करे। पत्र में खदान अधिनियम 1952 के नियमों के उल्लंघन का भी जिक्र किया गया है। आरोप है कि ब्लास्टिंग के दौरान न तो पूर्व सूचना दी गई, न ही सायरन बजाया गया और न ही सुरक्षा के लिए आवश्यक दूरी का पालन किया गया। जबकि नियमानुसार 500 से 1000 मीटर की दूरी पर लोगों को सतर्क करना अनिवार्य है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की सूचना संबंधित अधिकारियों को देना अनिवार्य होता है, लेकिन प्रबंधन द्वारा इसका पालन नहीं किया गया। पत्र के माध्यम से थाना प्रभारी से मांग की गई है कि मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की भी मांग की गई है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व ब्लास्टिंग के समय सायरन बजाकर लोगों को सचेत किया जाता था। ब्लास्टिंग के समय खदान के ठीक सामने के मुख्य मार्ग में दोनों ओर से आवाजाही रोक दी जाती थी। परंतु अब ब्लास्टिंग के समय पर्याप्त दूरी, चेतावनी और सुरक्षा उपायों तक का पालन नहीं किया जाता, जिससे आम नागरिकों की जान जोखिम में रहती है। ब्लास्टिंग के दौरान उछले पत्थरों से पूर्व में भी कई बार मुख्य मार्ग से गुजरते लोग चोटिल हो चुके हैं। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश है और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## सर्व आदिवासी समाज एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधिमंडल मंडल मंत्री नेताम से मिला



**पलारी।** सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार एवं ग्राम पंचायत टेमरी पलारी के प्रतaिनिधिमंडल ने नवा रायपुर में कृषि एवं आदिमजाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य भेंट कर मुलाकात की। आदिवासी समाज के उत्थान ,ग्राम विकास, स्थानीय समस्याओं एवं विभिन्न समाजिक मुद्दों ,जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई । इस अवसर पर सुभाष परते युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, कमलेश ध्रुव सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष,भानु ध्रुव जिला उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार, समाजसेवी दया राम ध्रुव, कृष्णा ध्रुव ग्राम पंचायत टेमरी के सरपंच तानसेन चतुर्वेदी, उपसरपंच नेहरू ध्रुव, राजेश नवरंगे, तोष राम साहू सचिव, नीलकमल साहू, शैलेंद्र घृतलहरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार की सफलता से कांग्रेस में खलबली : ठाकुर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार को मिल रहे अपार जन-समर्थन के मद्देनजर कहा है कि प्रदेश के कोने-कोने में जनता जिस उत्साह के साथ इस उत्सव से जुड़ रही है, उससे कांग्रेस खेमे में भारी खलबली मच गई है। श्री ठाकुर ने कहा, सुशासन तिहार केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पिछले ढाई साल के पारदर्शी और जवाबदेह शासन का रिपोर्ट कार्ड है। महतारी वंदन योजना, किसानों को धान का बकाया बोनस और रामलला दर्शन जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन ने कांग्रेस के झूठ के पुलिंदे को ढहा दिया है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस के नेता अब कुंठा में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पांच साल तक छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बनाने वाले आज सुशासन शब्द से ही घबरा रहे हैं।

# गनियारी में सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों का समारोह में किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



- श्रीराम मानस मंडली के तत्वावधान में किया गया आयोजन
- प्रतीक चिन्ह, शाल, श्रीफल भेंटकर कर किया सम्मानित

ग्राम गनियारी में श्रीराम मानस मंडली के तत्वावधान में सेवानिवृत्त रमेश कुमार वर्मा प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोतिमपुरकला एवं संतोष कुमार वर्मा प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। एसएन वर्मा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, टी आर साहू सेवानिवृत्त लेखापाल एवं दिलीप कुमार शर्मा सेवानिवृत्त जेल विभाग की गरिमामय उपस्थिति में दोनों शिक्षाविद प्रधान पाठकों को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए श्रीराम मानस मंडली के अध्यक्ष ओंकार प्रसाद साहू, सचिव गिरधारी यादव एवं सदस्यों द्वारा प्रतीक चिन्ह, शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। एस एन वर्मा ने अपनी उद्बोधन में वर्मा द्वय को स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

सचिव गिरधारी यादव ने कहा कि एक शासकीय कर्मचारी बेदाग छवि के साथ अपने सेवाकाल को पूर्ण करके सेवानिवृत्त होना उसकी जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि है। सेवानिवृत्त वर्मा द्वारा अपनी अपनी शैक्षणिक जीवन की कठिनाइयां को पार करते हुए एवं इस शिखर को प्राप्त करने का श्रेय अपने गुरुओं, माताओं को दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन मानस मंडली के सचिव गिरधारी यादव एवं आभार मानस मंडली के अध्यक्ष ओंकार प्रसाद साहू ने व्यक्त किया।

**इनकी रही मौजूदगी :** ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र निर्मलकर, उपसरपंच कुमारी मनबोध वर्मा, कमलेश्वरी वर्मा, ग्रामसभा के अध्यक्ष श्यामलाल साहू, पूर्व ग्रामसभा अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, पूर्व सरपंच खूबीराम वर्मा, धनेन्द्र सिंह वर्मा, सच्चिदानंद वर्मा, चन्द्रशेखर वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, किशन लाल वर्मा, मधु शेषनारायण वर्मा, पोषण वर्मा, गोपाल साहू एवं ग्राम के उपस्थित नागरिकों ने सेवानिवृत्त वर्मा द्वारा भेंट प्रदान कर स्वस्थ जीवन, दीर्घायु होने की आशिष देकर सम्मानित किया गया।

# विश्व कल्याण की कामना के साथ 129 घरों में गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






- व्यसन मुक्ति जनजागरण रैली निकालकरन शामुक्त समाज का दिया संदेश

जिले के विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के निर्देशन एवं गायत्री प्रज्ञा मंडल अमेरा के तत्वावधान में "गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत गांव के 129 घरों में वैदिक रीति-रिवाज से गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंदिर अमेरा में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इसके बाद व्यसन मुक्ति जनजागरण रैली निकाली गई, जिसमें बलौदाबाजार जिले के पलारी, कसडोल, भाटापारा, सिमगा सुहेला एवं बलौदाबाजार विकासखंड के कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु शामिल हुए। रैली के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने तथा भारतीय ऋषि परंपरा के पुनर्जीवन के लिए गायत्री एवं यज्ञ को घर-घर तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।इसके पश्चात आचार्यों द्वारा ग्राम अमेरा के 129 घरों में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ में विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धिकरण एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां दी गईं। साथ ही प्रत्येक घर में देवस्थापना, बलिवैश्व यज्ञ, सत्साहित्य, गायत्री चालीसा एवं सद्वाक्य स्टिकर का निःशुल्क वितरण किया गया।

### 24 हजार गायत्री मंत्र का किया सामूहिक पाठ

कार्यक्रम के दौरान उपासना, साधना, आराधना, समयदान एवं अंशदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति के संवाहक बनने की अपील की गई। पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय और गायत्री मय बना रहा। श्रद्धालुओं ने मानव में देवत्व के उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से आहुतियां प्रदान कीं। समापन अवसर पर 24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक साधना पाठ किया गया । गायत्री प्रज्ञा मंडल अमेरा की समर्पित समयदानी बहनों का सम्मान भी किया गया।

**पेज 9 के शेष**

### बाल व्यक्तित्व विकास...

को शुभकामनाएं देते हुए अधिक संख्या में भाग लेने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन ब्र कु. सावित्री बहन ने किया। प्रथम दिवस की शुरुआत जुंबा डांस,एवं मेडिटेशन से हुआ। इस अवसर पर संस्था से जुड़े भाई बहन एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### चक्रवाय में भूस्खलन...

कर भूगर्भ विभाग की विशेषज्ञ टीम तथा पुलिस बल को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की अनदेखी घोर लापरवाही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की यह तीसरी घटना है और इसकी जांच भूगर्भ वैज्ञानिकों से कराई जानी चाहिए। विधायक ने आशंका जताई कि संभवतः पुराने सुरंग मार्ग या नदी के जल प्रवाह के कारण ऐसी घटनाएं घटित हो रही हों। उन्होंने कहा कि विधानसभा में नदी किनारे बसे गांवों के लिए तटबंध निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या सरकार किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रही है, जबकि अब तक सौभाग्यवश कोई जनहानि नहीं हुई है। श्री साव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर जिलाधीश से मुलाकात कर कड़े कदम उठाने की मांग करेंगे। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू, विक्की ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य गंगा ओगरे, पूर्व सरपंच ननकू ओगरे, राजकुमार धृतलहरे, गितेश बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सोलर पावर प्लांट...

गया है। उक्त सभी इनवर्टर केबल एवं सामान की कुल कीमत लगभग 4. 50 लाख है। रिपोर्ट पर अपराध क्र 364/2026 धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्रवाई प्रारंभ की गई।

### प्रभावी पुलिसिंग, अवैध ...

उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी प्रतिदिन अनिवार्य रूप से फील्ड में निकलें तथा विशेष रूप से सायंकालीन समय में क्षेत्र का भ्रमण करते हुए स्वयं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही किसी भी प्रकार की शिकायत, अवैध गतिविधि अथवा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में असामाजिक तत्वों, शांति व्यवस्था भंग करने वाले अपराधियों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बिनौरी में जनगणना का कार्य हुआ प्रारंभ

**पलारी।** 4 मई से पलारी के ग्राम पंचायत बिनौरी में जनगणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। चिलचिलाती धूप में शिक्षक घर-घर ग्रामीणो के बीच जाकर जनगणना कर रहे है। वही समस्त ग्रामवासियों से अपील की गई है कि सर्वे जनगणना में सहयोग प्रदान कर उक्त कार्य को सफल बनाएं। जनगणना टीम में तसीलदार पलारी लीलाधर कवर, सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, शिक्षकगण घनश्याम प्रसाद वर्मा, शांतनु साहू, थानसेन कुर्रे, पोखन लाल जायसवाल, सुपरवाइजर मुकेश कुमार साहू के उपस्थित में जनगणना का कार्य सुचारू रूप प्रारंभ किया गया।

### किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** किराना दुकान से बाइक चोरी के करीब 20 दिन पुराने मामले में सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज किया है। अरंड के खिलावन दीवान ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को वह अपनी मोटर सायकल स्पलेंडर प्लस सीजी 06 जीजेड 4935 से किराना सामान लेने महासमुंद आया था।

**अभियान : सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान**

# सारंगढ़ और बिलाईगढ़ क्षेत्र में 50 से अधिक दुकानों व प्रतिष्ठानों में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'सही दवा शुद्ध आहार', "यही है छत्तीसगढ का आधार" की थीम पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार और शनिवार को सारंगढ़ और बिलाईगढ़ क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस और राजस्व विभाग के दल के साथ अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण पटेल शामिल थे।

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश पर जांच दल द्वारा लगभग 50 से अधिक छोटे- बड़े ठेले, गुमटी, होटल, गन्ना जूस सेंटर, किराना दुकानो तथा विशेषकर साप्ताहिक बाजार में जाकर निरीक्षण किया गया एवं उनको खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अखाद्य रंग



उपयोग नहीं करने तथा खाद्य रंग का उचित मात्रा में उपयोग करने का निर्देश दिया गया। जगह-जगह उपस्थित लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा जिन दुकानदारों के पास आवश्यक खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया उनको पंजीयन हेतु निर्देशित किया गया। अधिकांश जगह देखने को मिला कि खाद्य लाइसेंस परिसर में डिस्प्ले नहीं था। सभी खाद्य कारोबार कर्ता से अपील की गयी की सभी अपना खाद्य लाइसेंस अपने परिसर में डिस्प्ले कर के रखे आम जनता से भी अपील किया गया कि खाद्य पदार्थों का उपभोग जांच परख कर ही किया जाए। किसी भी प्रकार का अगर कोई शिकायत हो तो विभाग को सूचित करने कहा गया। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग से अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण पटेल शामिल थे।

### भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



**बलौदाबाजार/भाटापारा।** जिले में संचालित "सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार" अभियान के तहत संयुक्त जांच टीम द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र स्थित विभिन्न होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने श्याम स्वीट्स हाउस, मिलन होटल, श्री कृष्णा डेयरी, संगम डेयरी तथा जय मां दुर्गा स्वीट्स का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिलन होटल लिमतरा में खराब आलू मसाला पाए जाने पर उसे तत्काल नष्ट करवाया गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार संचालकों को प्रतिष्ठान में लाइसेंस को दृश्यमान स्थान पर प्रदर्शित करने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा परोसने के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, फूड हैंडलर्स का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा हैंड ग्लव्स एवं हेड कवर पहनकर कार्य करने के निर्देश भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए।

## गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज


फाईल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को गार्डन चौक में कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दामों के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में तैयारियां तेज हो गई हैं।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन ने बताया कि केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों ने गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में आयोजित यह प्रदर्शन आम जनता की आवाज को बुलंद करने का प्रयास है।

प्रवीण सेन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उग्र आंदोलन एवं व्यापक प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।




## 26 साल सेवा के बाद कृष्णा रेलवे से रिटायर, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



भारतीय रेलवे में नगर में 26 वर्षों तक सेवाएं देने वाली कृष्णा देवी शर्मा की सेवानिवृत्ति पर समारोह में भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यकाल के दौरान सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के कारण कृष्णा देवी शर्मा ने विभाग के सभी लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। इस अवसर पर रेलवे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट सेवाभाव को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### डीआरएम आफिस में भी सम्मान

भाटापारा रेलवे स्टाफ के साथ-साथ डीआरएम ऑफिस रायपुर में भी उनका सम्मान किया गया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ जीवन और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग, सहायक कार्मिक अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा सहित सेवानिवृत्त कर्मी, उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक एवं बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा काल में अपने दायित्वों का सफल निर्वहन करने पर बधाई दी।

## श्री शंकराचार्य विद्यापीठ का 10 वीं बोर्ड का रिजल्ट शत-प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री शंकराचार्य विद्यापीठ का इस वर्ष कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष छात्रा हिमानी साहू ने 92.5% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही भूमिका वर्मा 89.5% दीक्षा आनंद 87.5 % सहित चार अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। ज्ञात हो श्री शंकराचार्य विद्यापीठ के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम विगत 6 वर्षों से शत प्रतिशत व 90% अंक से ऊपर रहा है। विगत वर्ष स्कूलक की छात्रा रिया वर्मा 94.4% अंक लेकर ब्लॉक में छठवें स्थान पर रही थीं। इसके अलावा स्कूल के नर्सरी से लेकर क्लास 9वीं तक के बच्चों को भी रिजल्ट का वितरण किया गया।

